गोविन्द गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय, बाँसवाड़ा

coe@ggtu.ac.in

क्रमांकः– एफ( )गोगुजवि / बाँस / परीक्षा / 2025 / 1536 दिनांकः 10.03.2025

प्रति,
समस्त प्राचार्य एवं केन्द्राधीक्षक,
राजकीय एवं निजी महाविद्यालय,
बाँसवाड़ा / डूंगरपुर / प्रतापगढ़ (राज.)।

तत्काल

विषयः– विगत सत्रों में प्रायोगिक परीक्षा हेतु नियुक्त बाह्य परीक्षकों के लम्बित मानदेय बिल प्रेषित करने बाबत्।

महोदय,

उपर्युक्त विषयान्तर्गत लेख है कि–

1. विगत सत्र / सत्रों में विश्वविद्यालय परीक्षा अन्तर्गत विभिन्न विषयों की प्रायोगिक परीक्षाएँ सम्पादित हुई। जिसमें विश्वविद्यालय द्वारा विषय–विशेषज्ञों के रूप में बाह्य परीक्षकों के रूप में संकाय सदस्य नियुक्त किए गए।
2. महाविद्यालय / परीक्षा केन्द्र पर आपके निर्देशन में आयोजित प्रायोगिक परीक्षा में बाह्य विशेषज्ञों / परीक्षकों के मानदेय बिल विश्वविद्यालय नियमानुसार (यदि भुगतान लम्बित हो) परीक्षार्थी संख्या, बेच नम्बर, यात्रा भत्ता (राज्य सरकार द्वारा निर्धारित दरों के अनुरूप) बिल एवं उपस्थिति प्रमाणित कर दिनांक 17.03.2025 सायं 05.00 बजे तक (हार्ड प्रति में) परीक्षा अनुभाग में अनिवार्यतः प्रस्तुत किया जाना सुनिश्चित करें। साथ ही सम्पूर्ण प्रकरण पीडीएफ फाइल में परीक्षा नियंत्रक के ई.मेल–आईडी coe@ggtu.ac.in पर प्रेषित किया जाना सुनिश्चित करावें।
3. महाविद्यालय द्वारा प्रेषित पत्र में नियुक्त बाह्य विषय–विशेषज्ञ से प्रायोगिक कार्य निमित्त उक्त मानदेय पूर्व में प्राप्त नहीं होने का घोषणापत्र प्राप्त कर ही प्रकरण अग्रेषित करें।
4. भविष्य में होने वाली प्रायोगिक परीक्षाओं में भी बाह्य परीक्षकों के मानदेय बिल इस पत्र के अनुसार प्रायोगिक परीक्षा समाप्ति के उपरांत 07 दिवस में परीक्षा अनुभाग में जमा करावें। जिससे विश्वविद्यालय द्वारा समय पर भुगतान किया जा सके।

<u>इसे सर्वोच्च प्राथमिकता देवें।</u>

उपकुलसचिव

क्रमांकः– एफ( )गोगुजवि / बाँस / परीक्षा / 2025 / 1537 दिनांकः10.03.2025

प्रतिलिपि :

1. वित्त नियंत्रक, जीजीटीयू, बाँसवाड़ा।
2. समस्त केन्द्राधीक्षक.............................।
3. निजी सचिव, माननीय कुलपति महोदय, जीजीटीयू, बाँसवाड़ा।
4. रक्षित पत्रावली।

परीक्षा नियंत्रक